प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।




आज दिनांक- 26.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## “थाना समाधान दिवस” के अवसर पर आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।






आज दिनांक- 26.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह ने आज थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली नगर महोबा में पहुँचकर क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों को उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र समाधान हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर, शिकायतों के शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा थाना कबरई एवं थाना खन्ना में उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और उनके शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार द्वारा भी थाना पनवाड़ी में जनसुनवाई कर, जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर, शिकायतों के निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित कार्यवाही की गई।

थाना समाधान दिवस के अंतर्गत जनपद में कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 32 शिकायतें राजस्व से सम्बन्धित व 10 शिकायतें पुलिस से सम्बन्धित पायी गयी, इनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया है, जबकि शेष शिकायतों के समाधान/निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 26.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अग्निशमन विभाग महोबा द्वारा त्वरित कार्रवाई से बड़ी घटनाएं टली, अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित-











दिनांक- 25.04.2025 को ग्राम सुगिरा, थाना कुलपहाड़ में एक मकान में आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी के निर्देशन में फायर स्टेशन सदर से तत्काल एक फायर टेंडर रवाना किया गया। मौके पर पहुंचकर मोटर फायर इंजन से पंपिंग कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूर्ण नियंत्रण पाया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

इसी प्रकार दिनांक- 25.04.2025 को ही मोहल्ला शेखू नगर, थाना कोतवाली नगर महोबा में पहाड़ पर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई, जो निकटवर्ती आवासीय भवनों की ओर बढ़ रही थी। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा दो फायर टेंडरों के साथ त्वरित मौके पर पहुंचकर मोटर फायर इंजन के माध्यम से चारों ओर से घेराबंदी कर कड़ी मशक्कत से आग को पूर्णतः बुझा दिया गया। सभी आवासीय भवन सुरक्षित बचा लिये गये और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

इसके अतिरिक्त, आज दिनांक 26.04.2025 को अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत स्कीम नंबर 3 एवं 5 के तहत अग्निशमन विभाग द्वारा जनपद के प्रतिष्ठित होटल मून एवं जिला पुरुष चिकित्सालय महोबा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी एवं फायर सर्विस टीम द्वारा होटल एवं अस्पताल के समस्त स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों के संचालन एवं आग से निपटने की आपातकालीन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, आग से बचाव के उपायों तथा आपदा प्रबंधन के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया।

अग्निशमन विभाग महोबा द्वारा त्वरित कार्यवाही एवं जनजागरूकता के प्रयासों से जिले में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है।

## अपनी ही माँ की हत्या करने वाले हत्यारोपी पुत्र को थाना कबरई की पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार, अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व ऐसी घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 26.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित की गयी पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 126/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना कबरई जनपद महोबा से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त जिसने मामूली विवाद में अपनी ही माँ पर जानलेवा हमला कर हत्या कर दी थी, इस घटना को कारित करने वाले वांछित अभियुक्त हीरालाल कुशवाहा पुत्र स्व0 लाखन कुशवाहा निवासी मुहल्ला विशालनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा उम्र 32 वर्ष मु0 विशालनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा को मोहल्ला विशालनगर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है, बाद गिरफ्तारी अभियुक्त उपरोक्त को सम्बन्धित माननीय न्यायधीश के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. निरीक्षक श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह, SHO थाना कबरई
2. कां0 अंकित कुमार पटेल

### गिरफ्तार अभियुक्त-

हीरालाल कुशवाहा पुत्र स्व0 लाखन कुशवाहा उम्र करीब 32 वर्ष निवासी मुहल्ला विशालनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा।

